### मृत आत्मा स्वर्गवास जाकर यमराज से कहता होगा मृत्यु लोक में भाजपा के राज्य में जगह का टोटा

# बरसात खत्म होने के पश्चात शांति धाम जाने का रास्ता सीसी रोड निर्माण किया जाएगा सरपंच

**जगदीश प्रसाद मंडले**
**पीपल्स प्रवक्ता बनखेड़ी।**

जनपद पंचायत बनखेड़ी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत परसवाड़ा नंदना एक बार विकास को लेकर फिर सुर्खियों में ग्राम पंचायत परसवाड़ा नंदना के ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष भारी संघर्ष करने के पश्चात मुक्तिधाम बन तो गया है लेकिन शांति धाम जाने की रास्ता नहीं है। जिससे सव ले जाने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बात को लेकर इसी समय पिछले वर्ष एक महिला का स्वर्गवास हो गया था लेकिन मुक्तिधाम ना होने की स्थिति में समस्त ग्राम वासियों ने मृतक महिला का शव को रोड पर रखकर शासन को आघह कराया गया इसके पश्चात आनंन फानन में तहसीलदार एवं राजस्व विभाग पुलिस थाना बनखेड़ी सहित मौका स्थल पर आकर आश्वासन दिया गया था कि तत्काल मुक्तिधाम की जगह उपलब्ध करा दी जाएगी इस बात को लेकर हमारे संवाददाता ने प्रमुखता से कवरेज कर प्रकाशित की गई खबर के अनुसार राजस्व विभाग ने जगह उपलब्ध करा दी गई है जिस पर शांति धाम निर्माण तो हो गया है लेकिन उक्त शांति धाम सव ले जाने के लिए किसी भी प्रकार से रास्ता उपलब्ध नहीं है जिससे लोग लगभग तीन से चार फीट पानी में से जाने को मजबूर है जिससे लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।



वही दूसरी और भाजपा विधायक ठाकुरदास नागवंशी एवं जिम्मेदार वरिष्ठ जनप्रतिनिधि विकास कार्यों को लेकर डिंडोरी पीटे जाते हैं मंचों पर अपनी सफाई देते नजर आते हैं लेकिन जमीनी स्तर पर हकीकत यदि देखी जाए तो विकास कार्य कोसों दूर हैं। इसी प्रकार से बात करें तो ग्राम पंचायत कपूरी की भी समस्या इसी प्रकार से बनी हुई है मुक्तिधाम तो पिछले वर्षों में बन गया है लेकिन उक्त स्थान पर जाने के लिए रास्ता उपलब्ध नहीं है जिससे शासन की राशि से निर्माण हुआ है वह दुरुपयोग होना प्रतीत होता है । ग्राम पंचायत कपूरी सरपंच द्वारा बताया गया कि पिछले 5 वर्ष पूर्व शांति धाम का निर्माण पिछले सरपंच ने किया था लेकिन रास्ता न होने से अभी तक किसी भी प्रकार से लोगों के उपयोग में शांति धाम नहीं आया है उन्होंने बताया कि दूसरी जगह शांति धाम का निर्माण किया जाना है लेकिन बरसात के बाद शांति धाम का निर्माण कार्य चालू कर दिया जाएगा। शांति धाम जाने के लिए किसी भी प्रकार से ग्राम वासियों को रास्ता उपलब्ध नहीं है। जिससे गरीब लोगों को शांति धाम जाने की भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिम्मेदार सरपंच शासन के वरिष्ठ अधिकारि किसी भी प्रकार से निर्माण कार्यों पर रुचि नहीं ले रहे हैं।

जिसका खामियाजा आम आदमी पर बुरा असर पड़ रहा है। उक्त बिल्म हम नहीं लग रहे यह तस्वीर बयां करती है। जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है। इस संबंध में हमारे संवाददाता द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच से जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम के लोग सहयोग करेंगे तो सड़क जल्द से जल्द बना दी जाएगी लेकिन उक्त रास्ता नाले में है और लोगों ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है जिससे कृषि कार्य किया जा रहा है यदि ग्राम के लोग सहयोग करेंगे तो जगह बगैर विवाद के सरकारी जगह का कब्जा हटाएंगे तो हम रोड बनाने के लिए पंचायत तत्काल सीसी रोड निर्माण कर दिया जाएगा है

**इनका कहना**

नाले के अलावा और कहीं से रास्ता नहीं है जिस पर हम सीसी रोड निर्माण किया जा सके क्योंकि सरकारी भूमि पर ग्राम के लोगों द्वारा कृषि कार्य किया जा रहा है जिससे सीसी रोड बनाना नामुमकिन है लेकिन हम प्रयास करेंगे की बरसात बाद रोड बनाने के लिए तैयार हैं हमको सहयोग चाहिए ग्राम का जिससे रोड निर्माण किया जा सके यदि ज्यादा ही है तो हम इस नाले में से रोड बनाएंगे लेकिन वह ज्यादा दिन तक टिकेगा नहीं फिर भी हम प्रयास करेंगे की उक्त रास्ता निकलेंगे और रोड बनाने का पूरा प्रयास करेंगे लेकिन ग्राम के लोग सहयोग करें।

**सचिव ग्राम पंचायत परसवाड़ा नंदना जनपद पंचायत बनखेड़ी जिला नर्मदा पुरम।**

# आज दामजीपुरा में जनसभा, कल बैतूल में संगठनात्मक बैठकों में शामिल होंगे कांग्रेस जिला अध्यक्ष



**पीपुल्स प्रवक्ता बैतूल।**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा आज सोमवार से दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। दौरे की शुरुआत दामजीपुरा में राम मंदिर चंदा चोरी, पेपर लीक और स्थानीय मुद्दों को लेकर होने वाली जनजागरण एवं आमसभा से होगी। इसके बाद असाड़ी में संगठन की बैठक में क्षेत्रीय पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ मंथन करेंगे। अगले दिन 8 सितंबर को सोहागपुर और बैतूल में संगठनात्मक बैठकों के जरिए विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की गतिविधियों और जमीनी स्थिति की समीक्षा करेंगे। सोमवार को दोपहर 2 बजे दामजीपुरा में जनजागरण एवं आमसभा आयोजित होगी। इसमें राम मंदिर चंदा चोरी, पेपर लीक समेत स्थानीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस जनता के बीच अपनी बात रखेगी।

शाम 4ः30 बजे दामजीपुरा से रवाना होकर डागा शाम 5ः30 बजे असाड़ी पहुंचेंगे। यहां असाड़ी मंडलम कमेटी, पंचायत अध्यक्ष, बीएलए-2 और क्षेत्रीय वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक करेंगे। शाम 6ः30 बजे असाड़ी से रवाना होकर रात 7 बजे बैतूल पहुंचेंगे। दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर 12 बजे सोहागपुर में मंडलम की बैठक होगी।

इसके बाद दोपहर 2 बजे बैतूल गंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में बैतूल विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक कमेटी, मंडलम अध्यक्ष, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, मंडलम प्रभारी और युवा कांग्रेस पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक होगी। दोनों बैठकों में बैतूल विधानसभा प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा भी मौजूद रहेंगे। संगठन महासचिव ब्रजभूषण पांडे ने सभी संबंधित कांग्रेसजनों से निर्धारित समय पर पहुंचकर कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव का शुभारंभ, राधा-कृष्ण के स्वरूप में पहुंचे नन्हे भैया-बहिन; सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन




**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बीना में श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में श्रीकृष्ण रूप सज्जा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण की आरती, मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आयोजन में नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के नन्हे भैया-बहिन राधा-कृष्ण के मनोहारी स्वरूप में विद्यालय पहुंचे। बच्चों के आकर्षक रूप ने सभी का मन मोह लिया।

**झांकियों में दिखी श्रीकृष्ण की लीलाओं की मनोहारी झलक:** कार्यक्रम में भगवान विष्णु एवं माता लक्ष्मी का क्षीरसागर में शयन, भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलदाऊ जी एवं सुभद्रा जी, मधुवन, कारागृह में श्रीकृष्ण जन्म तथा नंदबाबा द्वारा बालकृष्ण को यमुना पार ले जाने सहित भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े अनेक प्रसंगों पर आधारित मनोहारी झांकियां सजाई गईं। झांकियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने द्वापर युग की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत कर दिया। आकर्षक सजावट और बच्चों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में पहुंचे अभिभावकों एवं अतिथियों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।

**गीत-भजन और नृत्य से भक्तिमय हुआ वातावरण:** प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के भैया-बहिनों ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों पर आधारित गीत, भजन, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों पर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने तालियों के साथ उत्साहवर्धन किया। पूरे विद्यालय परिसर में श्रीकृष्ण भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

**श्रीकृष्ण का जीवन त्याग और संघर्ष की प्रेरणा—राहुल कौरव:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल कौरव ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन त्याग, संघर्ष और सकारात्मकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी श्रीकृष्ण सदैव प्रसन्नचित्त रहे और उन्होंने समाज को कर्तव्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और सकारात्मक सोच बनाए रखने का आह्वान किया।

**झांकियों से मिली द्वापर युग की सुंदर झलक-भारती राय:** विशिष्ट अतिथि श्रीमती भारती राय ने कहा कि कार्यक्रम में प्रस्तुत झांकियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से द्वापर युग की सुंदर झलक देखने को मिली। बच्चों ने जिस उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुतियां दीं, वह सराहनीय है।

**श्रीकृष्ण का जीवन संघर्ष और मार्गदर्शन का उदाहरण-दीपक प्रपन्नाचार्य:**दीपक प्रपन्नाचार्य ने श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन कठिन परिस्थितियों के बीच संघर्ष, धैर्य और मार्गदर्शन का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भगवद्गीता के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण ने मानव जीवन की समस्याओं के समाधान का मार्ग बताया तथा निष्काम कर्म और कर्तव्य का संदेश दिया।

**अतिथियों एवं अभिभावकों की रही विशेष उपस्थिति-**कार्यक्रम में अनंत अग्रवाल (समाजसेवी), उमेश पटेल (जैविक कृषक),महेश अग्रवाल (जिला सचिव, सागर), विनोद कुमार अग्निहोत्री (अध्यक्ष, सरस्वती शिक्षा समिति), विनोद कुमार श्रीवास्तव (सचिव, सरस्वती शिक्षा समिति), सचिन कटारे (प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य), सत्यनारायण कटारे एवं दीपक भट्ट (समिति सदस्य) सहित विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार मुड़ोतिया, सुनील प्रजापति (प्रभारी प्राचार्य, भगतसिंह वार्ड), विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में भैया-बहिन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में करीब 230 मातृशक्ति, 40 पूर्व छात्र सहित लगभग 300 लोगों की सहभागिता रही।

### टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने की मांग

# शिक्षकों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**पीपुल्स प्रवक्ता बैतूल।**

मध्यप्रदेश में लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से मुक्त करने की मांग जोर पकड़ रही है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा बैतूल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर तमिलनाडु और जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर प्रदेश के सेवारत शिक्षकों को टीईटी से स्थायी राहत देने की मांग की है। मोर्चा का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था से वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के सामने नौकरी, पदोन्नति और अन्य सेवा लाभों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।



मोर्चा ने ज्ञापन में कहा कि कई शिक्षकों की नियुक्ति उस समय लागू नियमों और निर्धारित शैक्षणिक योग्यताओं के आधार पर हुई थी। ऐसे में वर्षों की सेवा के बाद टीईटी की अनिवार्यता लागू होने से शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बढ़ रहा है। शिक्षकों ने मांग की है कि राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया जाए और केंद्र सरकार को आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 23 में आवश्यक संशोधन के लिए प्रस्ताव भेजा जाए। ज्ञापन में तमिलनाडु का उदाहरण देते हुए कहा गया कि वहां 23 अगस्त 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से राहत देने के लिए विधानसभा ने केंद्र से आरटीई अधिनियम में संशोधन का आग्रह किया था। इसी आधार पर मध्यप्रदेश में भी सेवारत शिक्षकों के हित में पहल करने की मांग की गई है। इधर, स्थानीय विधायक ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से फोन पर इस मुद्दे पर चर्चा की। मंत्री ने बताया कि सरकार इस मामले को लेकर न्यायालय की शरण में गई है और वरिष्ठ अधिवक्ताओं से लगातार परामर्श किया जा रहा है। उन्होंने समस्या का समाधान निकालने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जाने की बात कही। शिक्षकों ने मांग की है कि अंतिम निर्णय होने तक राज्य सरकार उनके सेवा हितों की सुरक्षा के लिए अंतरिम व्यवस्था करे। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक विनय सिंह राठौड़, भीम धोटे, रवि सरनेकर, राजेंद्र कटारे, सचिन राय, नारायण सिंह नगदे, मुकेश उपराले, मदन डडोरे और राजेंद्र प्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# पत्रकार संघ की बैठक और कार्यकारिणी का हुआ गठन,संदीप सिंह भदौरिया अध्यक्ष सहित अन्य उपाध्यक्ष और सचिव बने



**पीपुल्स प्रवक्ता खिरकिया।**

रविवार को पत्रकार संघ खिरकिया की एक महत्वपूर्ण बैठक में संघ के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार भरत हेड़ा एवं सुनील जैन के मार्गदर्शन में संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से पत्रकार संदीप भदौरिया को पत्रकार संघ खिरकिया का नया अध्यक्ष चुना गया। जबकि पत्रकार गिरिराज माहेश्वरी, संजय नामदेव (चारूवा), आशुतोष पाराशर एवं प्रद्युम्न कुशवाहा को उपाध्यक्ष, योगेंद्र राजपूत को सचिव, ललित बथोले एवं सुनील मालाकार को सह सचिव बनाया गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पत्रकार राकेशखरका, हर्ष मंत्री, राहुल जैन, संजू नामदेव, कीर्तन ओनकर, अंकुश विश्वकर्मा, राजकुमार बघेल, साजिद खान, जय मारवाड़ी एवं आशीष साकल्ले शामिल हैं।

### विधायक निर्मला सप्रे की पहल रंग लाई, बीना के मजरा-टोलों को मिलेंगे पक्के मार्ग

# मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना के तहत 9.35 करोड़ की लागत से 9 सड़कों को मिली मंजूरी, ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन होगा आसान



**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

बीना विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में सड़क संपर्क को मजबूत करने की दिशा में बड़ी सौगात मिली है। विधायक निर्मला सप्रे के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना के अंतर्गत करीब 9 करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से 9 महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। इन सड़कों के बनने के बाद लंबे समय से मुख्य मार्गों से बेहतर संपर्क की बाट जोह रहे अनेक मजरा-टोले सीधे सड़क नेटवर्क से जुड़ सकेंगे। सड़क निर्माण की स्वीकृति से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। इन मार्गों के बनने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों और ग्रामीण क्षेत्र के अन्य लोगों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। 9 सड़कों से बदलेगी ग्रामीण अंचलों की तस्वीर:मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना के तहत स्वीकृत इन मार्गों का उद्देश्य ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ना है, जहां लंबे समय से पक्के मार्ग की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। स्वीकृत सड़कों की कुल लंबाई करीब 8.76 किलोमीटर है।

**स्वीकृत सड़क मार्ग इस प्रकार हैं:** 1. रिफाइनरी रोड से बंजारा टापरा, बरखेड़ी टांडा – 0.756 किलोमीटर, 2. मालखेड़ी धई बुजुर्ग रोड से पिपरखेड़ी – 1.057 किलोमीटर,3. बीना-कंजिया एमडीआर से रामसागर – 0.343 किलोमीटर,4. बुखारा-बेथनी रोड से निवारी छत्र टांडा – 1.501 किलोमीटर,5. ढांड देवल रोड से यादव बस्ती देवल – 0.437 किलोमीटर,6. छायनकाछी से रामपुरा – 2.130 किलोमीटर,7. पीएमजीएसवाई दुधावनी रोड से छायन कच्छी – 0.562 किलोमीटर,8. निताला मंडी-बमोरा एमडीआर से ननियाखेड़ी, सटनी होते हुए-0.975 किलोमीटर,9. एसएच रुसल्ला रोड से पिपरखेड़ी सोसाइटी – 1.003 किलोमीटर सड़क बनेगी तो शिक्षा, स्वास्थ्य और खेती को भी मिलेगी रफ्तार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि विकास की बुनियादी जरूरत है। वर्तमान में कई मजरा-टोले मुख्य मार्गों से पर्याप्त रूप से जुड़े नहीं हैं। बारिश के मौसम में कच्चे और खराब रास्तों के कारण ग्रामीणों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। पक्के मार्ग बनने के बाद विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज आने-जाने में सुविधा मिलेगी। मरीजों को अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचने में आसानी होगी। किसानों के लिए खेतों से उपज को मंडियों और बाजारों तक ले जाना भी आसान हो जाएगा। अर्थव्यवस्था में सड़क संपर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बेहतर सड़क बनने से दूध, सब्जी, अनाज और अन्य कृषि उत्पादों का परिवहन आसान होगा। इससे किसानों को बाजार और मंडियों तक पहुंचने में समय और परेशानी दोनों से राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं, सड़क संपर्क मजबूत होने से ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यापार और रोजगार की गतिविधियों को भी गति मिल सकती है।

**बारिश में सबसे बड़ी परेशानी से मिलेगी राहत:** ग्रामीणों के लिए बरसात का मौसम सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण रहता है। खराब या कच्चे रास्तों के कारण कई बार गांवों और मजरा-टोलों का मुख्य मार्गों से संपर्क प्रभावित हो जाता है। इन मार्गों के पक्के होने के बाद बरसात के दौरान भी आवागमन पहले की तुलना में बेहतर रहने की उम्मीद है।

### डीएवी बीआर पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया शिक्षक दिवस

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां, शिक्षकों के लिए हुईं मनोरंजक प्रतियोगिताएं प्राचार्य ने कहा-मेहनत, अनुशासन और अच्छे आचरण से गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करें विद्यार्थी

**राजेश बबेले**
**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

डीएवी बीआर पब्लिक स्कूल, बीना में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उत्सव जैसा माहौल रहा। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दी गुरुजनों को सम्मानांजलिःकार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन सभा में आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई।

विद्यार्थियों ने शिक्षकों को समर्पित मनमोहक सामूहिक नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रस्तुतियों के दौरान विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

**डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर हुआ केक काटने का समारोहः** कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित केक काटने का समारोह रहा। मंच पर उपस्थित अतिथियों ने केक काटकर शिक्षक दिवस की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बीपीसीएल बीना रिफाइनरी के स्थानीय प्रबंधन समिति अध्यक्ष आर. बी. हजारे, डीएवी बीआर पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार मिश्र, स्थानीय प्रबंधन समिति सदस्य उमेश हंसवाल, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**सिर्फ शिक्षक दिवस मनाना पर्याप्त नहीं'-प्राचार्यः**कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार मिश्र ने समस्त शिक्षक वर्ग को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं।




उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केवल शिक्षक दिवस मनाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को अपने कठिन परिश्रम, उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और श्रेष्ठ आचरण के माध्यम से गुरुजनों के प्रति सच्चा सम्मान और समर्पण व्यक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यार्थियों को जिम्मेदार और सजग नागरिक बनने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। विद्यार्थी समाज की रीढ़ हैं और उनमें समाज को सकारात्मक दिशा देने की असीम क्षमता है। बदलते समय के साथ नए कौशल सीखना जरूरीःप्राचार्य ने विद्यार्थियों को समय की मांग के अनुरूप स्वयं को तैयार करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ नए-नए कौशल सीखने पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। ज्ञान, अनुशासन, मेहनत और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़कर विद्यार्थी अपने परिवार, विद्यालय और देश का नाम रोशन कर सकते हैं।

**शिक्षकों ने खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साहः**सांस्कृतिक एवं औपचारिक कार्यक्रम के बाद शिक्षकों के लिए मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महिला शिक्षिकाओं के लिए संगीतमय कुर्सी प्रतियोगिता तथा पुरुष शिक्षकों के लिए रस्साकशी प्रतियोगिता आयोजित हुई। शिक्षकों ने प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल गतिविधियों के दौरान विद्यालय परिसर में हंसी-खुशी और उत्साह का माहौल बना रहा। विद्यार्थियों ने भी अपने शिक्षकों का उत्साह बढ़ाया।

**यादगार बना शिक्षक दिवस समारोहः** कार्यक्रम का समापन आनंदमय वातावरण में हुआ। पूरे आयोजन ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच स्नेह एवं आत्मीयता को और मजबूत किया सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, केक काटने के समारोह और मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं ने शिक्षक दिवस समारोह को यादगार बना दिया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।

# 8 सितंबर से मनेगा पर्युषण पर्व,विद्वान स्वधायी की निश्रा में जुटेंगे श्रद्धालु समता भवन एवं मंदिर जी में होंगे आयोजन

**पीपुल्स प्रवक्ता खिरकिया।**

नगर के श्री श्वेतांबर जैन समाज द्वारा आगामी 8 सितंबर से पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व पूरी श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। यह आठ दिवसीय महापर्व 15 सितंबर को संवत्सरी और क्षमापना के साथ संपन्न होगा।

आयोजन को लेकर समाज स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पर्वाधिराज पयुर्षण पर्व के दौरान समता भवन में होने वाली धार्मिक गतिविधियों की जानकारी एवं समय सारणी श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन संघ के अंतर्गत ÷समता प्रचार संघ के माध्यम से रतलाम से ललित कटारिया, ऋषभ मुणत एवं मुंबई से धीरज चोरड़िया पधार रहे स्वाध्यायी बंधुओं के सानिध्य में प्रतिदिन होने वाली धार्मिक आराधना,राई प्रतिक्रमण प्रातः 5:15 बजे से ध्यान साधना एवं प्रार्थना, 6:10 बजे सेअंतगढ़ सूत्र वाचन एवं व्याख्यान (जिनवाणी) प्रातः 8 बजे से 10:00 बजे तक, ज्ञानार्जन, पयुर्षण के रंग - ज्ञान ध्यान के संग नामक प्रतियोगिता दोपहर 2:00 बजे सेदेवसी प्रतिक्रमण सूर्यास्त के साथ रात्रि 6 बजे से...ज्ञान चर्चा 7 बजे से मंदिर जी में होंगे वाले कार्यक्रम इस प्रकार रहेंगे अरुण नागड़ा के अनुसार मंदिर जी में होने वाले कार्यक्रम पर्व के दौरान प्रवचन, कल्पसूत्र वांचन और आराधना संपन्न कराने के लिए मुंबई से दो जानी-मानी विदुषी बहनें–श्रीमती निर्मलाबेन हरकचंद नंदू और श्रीमती भारतीबेन केतन खिरकिया पहुंच रही हैं। पूरे आठ दिनों तक स्थानीय श्री नमीनाथ जिनालय में उनकी निश्रा में नियमित पूजा, प्रवचन, संध्या प्रतिक्रमण और भक्ति संध्या के आयोजन होंगे।

पर्व के दौरान 9 सितंबर को कल्पसूत्र पोथी जी का चढ़ावा लिया जाएगा। वहीं 12 सितंबर को भगवान महावीर स्वामी का जन्म वांचन महोत्सव मुख्य आकर्षण रहेगा, जिसमें माता त्रिशला के 14 स्वप्नों के दर्शन और उनकी बोली की रस्म निभाई जाएगी। अंत में 15 सितंबर को संवत्सरी महापर्व पर बारसा सूत्र का वांचन होगा और समाजजन परस्पर क्षमायाचना करेंगे। जैन संघ ने संघ के परिवारजनों से सभी आयोजनों में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।